संख्या:-08/2024/आई485192/001-1360-23-5002-002-02-2024
(कम्प्यूटर सं0-1783735)

प्रेषक,

नीरजा सक्सेना,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग:-5 **लखनऊ: दिनांक 02 फरवरी, 2024**

विषय: गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान सं0-55 राजस्व लेखा के विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत जनपद अयोध्या, सुल्तानपुर व जौनपुर के 04 कार्यों हेतु लैप्स धनराशि का चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुन: वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-1098बीजीबी/परियोजना की अख्या/2023-24, दिनांक 19.12.2023 एवं पत्र सं0-1097बीजीबी/परियोजना की अख्या/2023-24, दिनांक 19.12.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

लोक निर्माण अनुभाग-5 के शासनादेश सं0-98/2023/001-167आ0-23-5-23-07(भवन)/2023टीसी, दि0 31.03.2023 एवं सं0-79/2023/001-156आ0-23-5-23-07(भवन)/2023टीसी-2, दिनांक 30.03.2023 द्वारा प्रश्नगत कार्यों हेतु गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में रू0 83.15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 37.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।

प्रश्नगत कार्यों हेतु गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत उक्त धनराशि लैप्स हो जाने के दृष्टिगत मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0, लखनऊ के उक्त पत्र दिनांक 19.12.2023 द्वारा प्रेषित प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-55 के राजस्व लेखा मद के अन्तर्गत जनपद अयोध्या, सुल्तानपुर व जौनपुर के 04 कार्यों हेतु **रू0 37.00 लाख(रू0 सैंतीस लाख मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क्र0 सं0	शासनादेश संख्या व दिनांक	कार्य का नाम	योजनावार स्वीकृत धनराशि	गत वर्ष 2022-23 में आवंटित धनराशि	गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में लैप्स धनराशि	वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुनः अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
			(धनराशि लाख रू0 में)			
1	98/2023/001-167आ0-23-5-23-07(भवन)/2023टीसी दिनांक 31.03.2023	अयोध्या में सुरसरि कालोनी स्थित टाईप-3 के 1 से 4 (एक ब्लॉक), 5 से 8 (एक ब्लॉक) तथा 9 से 12 (एक ब्लॉक) आवासों में पुन:विद्युतीकरण का कार्य।	21.35	08.00	08.00	08.00
2	तदैव	सुल्तानपुर में पूल्ड हाउसिंग के अन्तर्गत आवासीय भवनों के टाईप-बी के 06 आवासों में पुन:विद्युतीकरण का कार्य।	21.86	08.00	08.00	08.00
3	तदैव	सुल्तानपुर में पूल्ड हाउसिंग के अन्तर्गत आवासीय भवनों के टाईप-4 के 08 आवासों में पुन:विद्युतीकरण का कार्य।	26.51	10.00	10.00	10.00
4	79/2023/001-156आ0-23-5-23-07(भवन)/2023टीसी-2 दिनांक 30.03.2023	जौनपुर में पूल्ड हाउसिंग के बी-टाइप खरका कालोनी के 08 अदद् आवासीय भवनों का पुन: विद्युतीकरण का कार्य।	13.43	11.00	11.00	11.00
		योग :-	**83.15**	**37.00**	**37.00**	**37.00**

1- प्रश्नगत कार्यों हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेगी।

2- प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

3- लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जायेगा।

4- प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

5- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रन ओवर/टाइम रन ओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

6- स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खाते अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

7- स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

8- प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

9- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

10- उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

11- प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

12- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 07.06.2022 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

13- समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 37,00,000(रूपये सैंतीस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-55 लेखाशीर्षक 2216017000500 सामान्य एवं विशेष मरम्मत-मानक मद 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या:-08/2024/आई485192/001-1360(1)-23-5-2024 तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
4- नोडल अधिकारी(बजट), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
5- जिलाधिकारी अयोध्या, सुल्तानपुर व जौनपुर।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।

..../03..

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

7- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, अयोध्या, सुल्तानपुर व जौनपुर।
10- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉं0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
11- अधीक्षण अभियन्ता, 44वां(वि0/यॉं0) वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी।
12- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉं0 खण्ड, लो0नि0वि0, अयोध्या।
13- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉं0 खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़।
14- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनु0-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।